दुर्दशा | तालाब का गहरीकरण और साफ-सफाई कराये जाने की मांग

# अपने अस्तित्व पर आंसू बहा रहा उमरिया तालाब



**नवभारत, शहडोल।** पहले के जमाने में पूर्वजों द्वारा पानी पिलाना बड़े ही पुण्य का कार्य मानते थे जिसके लिए कूप और तलाब का निर्माण कराते थे किन्तु आज कल नदी, तलाबों और नालो मे भू माफ़्याओ की पौनी नजर है जिसे क्रय कर वो उसे पाटते हुए उनका अस्तित्व खत्म करने मे आमदा है और वो धीरे-धीरे विलुप्त होने के कगार मे है। इस ओर न तो जिम्मेदार अधिकारी ध्यान दे रहे है और न ही राजनैतिक दल के लोग जिस वजह से नगर के कई तलाब अपना अस्तित्व खोने के कगार मे है। ऐसा ही हाल नगर के उमरिया तलाब है। ब्योहारी का सैकड़ो वर्ष पुराना उमरिया तलाब के नाम से ख्याति प्राप्त तलाब जिसके पानी का आस पास के सैकड़ो लोग निस्तार करते थे, आज भी वह पशु पक्षीयों का सहारा है किन्तु वह धीरे-धीरे विलुप्त होने के कगार पर है। कुछ समय पूर्व तलाब के आंसिक भाग मे भवन निर्माण का कार्य हो रहा था जिस पर तत्कालीन एसडीएम द्वारा रोक लगवाते हुए उक्त तलाब के जमीन पर क्रय विक्रय मे रोक लगाते हुए वंहा सूचना पटल लगवा दिया गया था जो आज भी वंहा लगा है। तलाब की सफ़ाई और गहरी करण न होने के कारण वह जल कुम्भी और मिट्टी के आगोश मे समा गया है जिसके साफसफ़ाई और गहरीकरण को लेकर राजस्व विभाग और नगरीय प्रशासन द्वारा कोई पहल नहीं की जा रही है। लोगों का कहना है कि यदि यही हाल रहा तो शीघ्र ही उमरिया तलाब का अस्तित्व खत्म हो जायेगा।

### बिना किसी मंजूरी के मिट्टी डालकर पाटने का आरोप

हाल ही मे उमरिया तलाब के कुछ हिस्से मे बिना किसी सक्षम मंजूरी के उसमे भू माफ़्या द्वारा मिट्टी डालकर उसे पाटने का आरोप वार्ड वासियो द्वारा लगाते हुए राजस्व और नगरीय प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियो से समाचार के माध्यम से जांच कराये जाने, तलाब के गहरीकरण और साफ सफ़ाई कराये जाने की मांग की है। अब देखने वाली बात है कि जिम्मेदार अधिकारी इसे कितनी गंभीरता से लेते है और क्या कार्यवाही करते है।

**इनका कहना है**

साफ- सफ़ाई का कार्य दो से तीन दिन मे करवाये दे रहा हूँ। अभी वहाँ पानी भरा है जिस कारण अभी गहरीकरण नहीं हो सकता। गर्मी मे यदि गहरीकरण किये जाने संबंधी कोई योजना आती है तो इसे उसमे समलित कर लिया जायेगा।

शरद कुमार गौतम
**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद, ब्योहारी**



# मुख्यमंत्री रसोई केंद्र व रैन बसेरा का सीएमओ ने किया औचक निरीक्षण

▶ **भोजन करके खुद परखी भोजन की गुणवत्ता**



**नवभारत,शहडोल ।** नवागत मुख्य नगरपालिका अधिकारी शहडोल आशा भंडारी ने पदभार ग्रहण करते ही जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए नगरपालिका अंतर्गत संचालित मुख्यमंत्री रसोई केंद्र एवं 25 बिस्तरीय आश्रय स्थल (रैन बसेरा) का औचक निरीक्षण किया। उनके इस सक्रिय और संवेदनशील कदम की शहरवासियों ने सराहना की है। निरीक्षण के दौरान सीएमओ भंडारी ने रैन बसेरा की साफ-सफ़ाई, व्यवस्थित रखरखाव एवं बेडशीट नियमित रूप से बदलने के स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आश्रय स्थल में ठहरने वाले जरूरतमंद नागरिकों को स्वच्छ, सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण उपलब्ध कराना नगर पालिका की जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री रसोई केंद्र का निरीक्षण करते हुए उन्होंने भोजन की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वयं हितग्राहियों के साथ बैठकर भोजन ग्रहण किया। इस दौरान उन्होंने भोजन की गुणवत्ता को संतोषजनक पाया तथा योजना प्रभारी को निर्देशित किया कि हितग्राहियों को प्रतिदिन भरपेट और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाए। सीएमओ ने रसोई केंद्र को और अधिक स्वच्छ एवं सुसज्जित बनाने, साथ ही दानदाता संस्थाओं से सहयोग प्राप्त करने की पहल करने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि सामुदायिक सहभागिता से योजनाओं को और प्रभावी बनाया जा सकता है।

निरीक्षण के दौरान नगरपालिका शहडोल के स्थापना शाखा प्रभारी मोतीलाल सिंह एवं सिटी मिशन मैनेजर सत्यकाम मिश्रा उपस्थित रहे।नवागत सीएमओ आशा भंडारी की यह सक्रियता यह दर्शाती है कि नगर के जरूरतमंदों की सुविधाओं और अधिकारों के प्रति वे पूरी तरह सजग एवं प्रतिबद्ध हैं। शहर में उनके इस मानवीय और जिम्मेदार नेतृत्व की व्यापक सराहना हो रही है।




# बजट को लेकर आयोजित हो रही प्रतियोगिता

▶ **विजेता को पीएम से संवाद का मिलेगा अवसर**

**नवभारत, शहडोल।** मेरा युवा भारत (माई भारत) एवं युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा केंद्रीय बजट को लेकर 'बजट क्वेस्ट 2026' नामक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह पहल देश की युवा शक्ति को राष्ट्र निर्माण से जोड़ने और यूनियन बजट की जन-समझ बढ़ाने की दिशा में एक अभिनव प्रयास है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बजट को आमजन, विशेषकर युवाओं के जीवन से जोड़ते हुए उसे सरल और समझने योग्य बनाना है, ताकि युवा नीति निर्माण की प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभा सकें। जिला युवा अधिकारी कीर्ति कुहर एवं लेखा एवं कार्यक्रम सहायक मनीष चौहान ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि यह क्विज वर्चुअल माध्यम से माई भारत की आधिकारिक वेबसाइट पर लाइव है। इसमें भाग लेने वाले राष्ट्रीय स्तर के विजेताओं को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सीधे संवाद का विशेष अवसर प्राप्त होगा। विजेता युवा अपने विचार देश के सर्वोच्च नेतृत्व के समक्ष साझा कर सकेंगे।उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय ऑनलाइन प्रतियोगिता 3 फ़रवरी से प्रारंभ होकर 17 फ़रवरी तक चलेगी। 17 फ़रवरी को परिणाम घोषित किए जाएंगे, जिसके बाद प्रत्येक जिले से चयनित प्रतिभागी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। मेरा युवा भारत शहडोल के अधिकारियों ने जिले के सभी युवाओं से आह्वान किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस अभियान से जुड़ें और राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका सुनिश्चित करें। यह प्रतियोगिता न केवल ज्ञानवर्धक है, बल्कि युवाओं के लिए राष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का सुनहरा अवसर भी है।


# विद्यार्थी सभाकांत का एनआईटी में पीएचडी हेतु चयन

▶ **इंजीनियर पद पर कार्यरत रहते एक और नई उपलब्धि की हासिल**



**नवभारत, जयसिंहनगर।** ग्राम पंचायत बांसा, तहसील जयसिंहनगर के निवासी रमाशंकर मिश्रा के बड़े पुत्र सभाकांत मिश्रा का राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रायपुर में चीक् कोर्स हेतु चयन हुआ है। हाल ही में जारी मेरिट सूची में उनका चयन होने से परिवार, क्षेत्र एवं शुभचिंतकों में हर्ष का वातावरण है।

उनकी यह उपलब्धि ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए यह प्रेरणादायक संदेश देती है कि सीमित संसाधनों और कठिन परिस्थितियों के बावजूद निरंतर परिश्रम, अनुशासन एवं लक्ष्य के प्रति समर्पण से राष्ट्रीय स्तर की सफ्लता प्राप्त की जा सकती है। सभाकांत मिश्रा एक साधारण ग्रामीण एवं आर्थिक रूप से सीमित संसाधनों वाले परिवार से आते हैं। उनके दादा जी स्व. गोपिका प्रसाद मिश्रा तथा उनके माता-पिता का मानना था कि गरीबी का वास्तविक अर्थ अज्ञानता होता है। इसी सोच के साथ उन्होंने आर्थिक कठिनाइयों के बावजूद शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अपने पुत्र को उच्च शिक्षा दिलाने का संकल्प लिया और हर संभव प्रयास किया। परिवार की यह सकारात्मक सोच आज क्षेत्र के अभिभावकों और विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरणास्त्रोत के रूप में देखी जा रही है। सभाकांत मिश्रा ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा कक्षा 8 वीं तक ग्राम बांसा के शासकीय विद्यालय से पूर्ण की तथा कक्षा 9वीं से 12वीं तक की शिक्षा शासकीय एक्सीलेंस विद्यालय, ब्यौहारी से प्राप्त की, जहां उनके फ़ूफ़ा जी एवं उनके बड़े पुत्र जय प्रकाश मिश्रा का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। उन्होंने वर्ष 2015 में 10वीं तथा वर्ष 2017 में 12वीं गणित एवं अतिरिक्त विषय जीवविज्ञान के साथ 80 प्रतिशत से अधिक अंकों से उत्तीर्ण की। उनकी शिक्षा यात्रा में ब्यौहारी के समस्त शिक्षकों सहित विशेष रूप से गुरु जी सुरेंद्र शर्मा का महत्वपूर्ण आध्यात्मिक मार्गदर्शन एवं सहयोग रहा। मिलकर सामाजिक गतिविधियों में सहभागिता शामिल है। उनका यह सामाजिक जुड़ाव युवाओं को समाज सेवा, राष्ट्र निर्माण एवं सामूहिक नेतृत्व की भावना विकसित करने के लिए प्रेरित करता है। वर्तमान में वर्ष 2026 में उनका चयन राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रायपुर में पीएचडी हेतु हुआ है, जहाँ वे तकनीकी शोध कार्य करेंगे तथा उन्हें राष्ट्रीय फेलोशिप भी प्राप्त होगी।



# 42 गुंडों की पुलिस ने की जांच

**नवभारत, कटनी।** पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया के मार्गदर्शन में जिले में कानून-व्यवस्था मजबूत करने, फरार आरोपियों की गिरफ्तारी ओर सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले में कॉम्बिंग गश्त अभियान चलाया गया। अभियान के तहत जिले के सभी अनविभागीय पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में 170 से अधिक पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों की अलग-अलग टीमें गठित कर संगठित और सघन कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान लंबे समय से फरार चल रहे 23 स्थाई वारंटियों की गिरफ्तारी की गई। 56 गिरफ्तारी वारंटियों को गिरफ्तार को गिरफ्तार किया गया है। 46 निगरानी बदमाशों और 42 गुंडा बदमाशों की जांच की गई। आबकारी एक्ट के तहत 10 प्रकरण दर्ज कर शराब जब्त की गई। मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के अंतर्गत शराब के नशे में वाहन चलाने वाले आठ चालकों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। तासपत्तों से हारजीत का दांव लगाने पर तीन प्रकरण दर्ज किए गए हैं।

# वन अधिकार अधिनियम संबंधित जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन 17 एवं 18 को

**नवभारत, शहडोल ।** सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग आनंद राय सिंहा ने जानकारी दी है कि वन अधिकार अधिनियम 2006 के प्रावधान सामुदायिक, वन अधिकारों तथा धारा 3 (1) (प) में उल्लेखित सामुदायिक वन संसाधन के संरक्षण एवं प्रबंधन के अधिकारों को मान्यता दिये जाने विषय पर दिनांक 17 एवं 18 फ़रवरी 2026 को कन्या शिक्षा परिसर कंचनपुर में प्रातः 10 बजे से शाम 6 बजे तक क्षमता विकास प्रशिक्षण की दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की जाएगी। कार्ययशाला में प्रथम दिवस 17 फ़रवरी 2026 को प्रातः 10 बजे से सायं 06 बजे तक उपखण्ड स्तरीय वन अधिकार समितियों के शासकीय सदस्य समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, अनुविभागीय अधिकारी वन तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत के साथ ही कलेक्टर द्वारा नामांकित 08 जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण दिया जाएगा इसी तरह द्वितीय दिवस 18 फ़रवरी 2026 को प्रातः 10.00 बजे से सायं 06.00 बजे तक उपखण्ड स्तरीय वन अधिकार समितियों के अशासकीय सदस्य व कलेक्टर द्वारा नामांकित 08 जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण राज्य स्तरीय मास्टर्स ट्रेनर्स राहुल श्रीवास्तव मो0नं0 8435452768 श्री हरी मरावी मो0नं0 9165511750 एवं श्री चरण परते मो0नं0 9425164177 द्वारा दिया जाएगा।

# युवक को चाकू मारने के आरोप में दो गिरफ्तार

**नवभारत, कटनी।** कोतवाली थाना क्षेत्र के गाटरघाट में एक युवक पर चाकू से हमला करने वाले दो युवकों पर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि आठ फरवरी को गाटरघाट स्थित खाली मैदान के पास मदन मोहन चौबे वार्ड निवासी शुभांशु तिवारी के साथ गाली-गलौज करते हुए चाकू से हमला किया गया था। चाकू के हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था। इस मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर प्रकरण को विवेचना में लिया गया। कोतवाली थाना प्रभारी राखी पांडेय के नेतृत्व में टीम गठित कर आरोपियों की तलाश शुरू की गई। इस बीच पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल

▶ **बड़वारा थाना क्षेत्र के धनवारा गांव के पास हुआ हादसा**



**नवभारत, कटनी।** जिले के बड़वारा थाना क्षेत्र के ग्राम धनवारा के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार धनवारा गांव निवासी अनिरुद्ध सिंह (28) गंभीर रूप से घायल हो गया है। जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामल दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि धनवारा निवासी अनिरुद्ध सिंह शुक्रवार को अपने निजी काम से बड़वारा मुख्यालय गए थे। काम खत्म कर जब वह अपनी बाइक से वापस गांव लौट रहे थे, तभी धनवारा ग्राम के पास विपरीत दिशा से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि अनिरुद्ध सड़क पर दूर जा गिरे और बुरी तरह लहूलुहान हो गए। घटना के तुरंत बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए इमरजेंसी एम्बुलेंस 108 को सूचना दी। सूचना मिलते ही 108 वाहन मौके पर पहुंचा और घायल युवक को तुरंत नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़वारा में भर्ती कराया गया। बड़वारा स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ डॉक्टरों ने युवक का प्राथमिक इलाज किया। हालांकि, सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में आई गंभीर चोटों के कारण उनकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई थी। प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए उन्हें तत्काल जिला अस्पताल कटनी के लिए रेफर कर दिया गया। जहां फिलहाल उसका इलाज किया जा रहा है।

बैठक | जिला खनिज प्रतिष्ठान न्यास मंडल की बैठक का आयोजन, विकास कार्यों को दी गई स्वीकृति

# उच्च प्राथमिकता से कराए जाएंगे शिक्षा, स्वास्थ्य और पेयजल योजना संबंधी कार्य



**नवभारत, कटनी।** जिला खनिज प्रतिष्ठान के अंतर्गत गठित न्यास मंडल बोर्ड की बैठक का आयोजन कलेक्टर आशीष तिवारी की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में विकास और निर्माण कार्यों से संबंधित कई अहम निर्णय लिए गए। बैठक में पूर्व बैठक का पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। बैठक में आय-व्यय का अनुमोदन किया गया, पंचवर्षीय कार्ययोजना वर्ष 2025-26 से 2029-30 तक का अनुमोदन किया गया। साथ ही वर्ष 2025-26 और 2026-27 की कार्ययोजना का अनुमोदन किया गया। वर्ष 2024-25 के वार्षिक प्रतिवेदन का अनुमोदन किया गया। जिला खनिज प्रतिष्ठान के अंतर्गत प्रगतिरत कार्यों पर चर्चा की गई। विधायक मुड़वारा संदीप जायसवाल द्वारा खनन से प्रभावित चारों विधानसभा में टी बी रोग की पहचान, परीक्षण की सुविधा के लिए पोर्टेवल एक्सरे मशीन उपलब्ध कराने का प्रस्तांव रखा गया। विधायक विजयराघवगढ़ संजय पाठक द्वारा विधानसभा क्षेत्र विजयराघवगढ़ में 13 हाई स्कूलों में ई-लाईब्रेरी बनवाने का प्रस्ताव रखा गया। खनन प्रभावित क्षेत्रों में प्रस्तावित विकास कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में वर्ष 2025-26 के लिये 49 करोड़ की विभिन्न परियोजनाओं की कार्ययोजना पर चर्चा हुई। जिस कार्य योजना में उच्च प्राथमिकता में शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, महिला बाल कल्याण, वृद्ध, निःशक्त जन कल्याण, कौशल विकास, स्वच्छता, अन्य प्राथमिकता में भौतिक अधोसंरचना सिंचाई, ऊर्जा, वाटरशेड विकास, पर्यावरण की गुणवत्ता में वृद्धि करने के लिए कोई अन्य उपाए से संबंधित कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। विशेष रूप से खनन प्रभावित ग्रामों में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के उन्नयन, स्कूलों में अतिरिक्त कक्ष निर्माण, आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण और पेयजल योजनाओं के को प्राथमिकता देने का निर्णय लिया गया। बैठक में पूर्व में स्वीकृत कार्यों की प्रगति की समीक्षा भी की गई। बैठक में विधायक विजयराघवगढ़ संजय सत्येन्द्र पाठक, विधायक बड़वारा संदीप जायसवाल, विधायक बहोरीबंद प्रणय प्रभात पांडे, विधायक बड़वारा धीरेन्द्र बहादुर सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमति सुनीता मेहरा, जिला पंचायत की सीईओ हरसिमरन प्रीत कौर, वनमंडलाधिकारी गर्वित गंगवार और नगर परिषद बरही के अध्यक्ष पीयूष अग्रवाल, नगर परिषद कैमोर के अध्यक्ष भी मौजूद रहे।

# विमुक्त, घुमंतू और अर्ध घुमंतू जाति का सर्वे शुरू

▶ **सर्वेक्षण में सम्मिलित की गई हैं 51 जातियां**



**नवभारत, कटनी।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, विकासखंड रीठी, जिला कटनी द्वारा विमुक्त, घुमंतू और अर्ध-घुमंतू जातियों के सर्वेक्षण कार्य का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिला समन्वयक डॉ तेज सिंह केशवाल, विकासखंड समन्वयक अरविंद शाह और नवांकुर संस्था युवा सवेरा समिति के अध्यक्ष गोवर्धन रजक की उपस्थिति में सर्वेक्षण की रूपरेखा और कार्य योजना पर चर्चा की गई। सर्वेक्षण कार्य में 51 जातियों को सम्मिलित किया गया है। चिन्हित सभी जातियों की सक्रिय सहभागिता कराते हुए सर्वेक्षण को ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों माध्यमों से प्रभावी ढंग से कराने के लिए कार्ययोजना तैयार की गई है। सर्वे के लिए रीठी विकासखंड को पांच सेक्टरों में विभाजित किया गया है, प्रत्येक सेक्टर में एक-एक सर्वेयर को जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिला समन्वयक डॉ तेज सिंह केशवाल ने बताया कि मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित इस सर्वेक्षण का मुख्य उद्देश्य विमुक्त, घुमंतू और अर्ध-घुमंतू समुदायों को सरकार की योजना का लाभ दिलाना है।